**NEWS CLIPPING: 01.04.2021**

**THE TRIBUNE**

# SCHEDULE FOR EXAM FORMS RELEASED

**Faridabad:** JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has issued the schedule for filling examination forms for the end-semester regular and re-appear examination of all UG and PG courses to be held in May and July. Also, the schedule for improvement of theory and sessional examinations has also been issued. As per the schedule, April 8, will be the last date for submission of examination form for all UG and PG examinations of the fourth, sixth and eighth semester for which the portal will be opened from April 1. Similarly, May 8 will be the last date for the submission of examination forms for all UG and PG examinations for the second semester for which the portal will be opened from May 1. Thereafter, the examination forms will only be accepted with a late fee upto Rs1,000 till April 28 for the fourth, sixth and eighth semester and May 28, for the second semester. Students of affiliated institutions will have to submit their examination forms on the portal through their respective institutions.

The Tribune Thu, 01 April 2021
https://epaper.tribur

**NEWS CLIPPING: 01.04.2021**

## THE TRIBUNE

### ONLINE EXAMS AT YMCA VARSITY

**Faridabad:** Keeping in view the current situation, JC Bose University and Technology, YMCA, Faridabad, has decided to conduct end semester examination of first year students of various programmes scheduled to be held from April 8 online. Earlier, the examinations of the first year students were held offline. The decision to this effect was taken at a meeting under the chairmanship of Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar to review the various precautionary steps taken by the university. Further, it was also decided that Culmyca, the annual technical festival of the university, will also be conducted online. He has also directed the officials concerned to arrange RT-PCR testing and Covid-19 vaccination drive in the university.

The Tribune Thu, 01 April 2021
https://epaper.tribune

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 01.04.2021**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में प्रथम वर्ष की परीक्षाएं ऑनलाइन होंगी

**फैसला**

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के छात्रों की आठ अप्रैल से आयोजित होने वाली अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं ऑनलाइन आयोजित करवाने का फैसला लिया है। इससे पहले प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं ऑफलाइन मोड में आयोजित करने की योजना बनाई गई थी।

**एहतियात के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की :** कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में ये बदलाव किया गया है। इस दौरान विश्वविद्यालय में कोरोना वायरस के संक्रमण से रोकथाम के लिए उठाए गए विभिन्न एहतियाती कदमों की समीक्षा की गई। बैठक में कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग सहित सभी विभागाध्यक्ष और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। बैठक में जानकारी दी गई कि कोरोना रोकथाम के लिए विश्वविद्यालय की ओर से ऑनलाइन कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम वर्ष के छात्रों को छोड़कर सभी पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं आनलाइन आयोजित की जा चुकी है। अब विश्वविद्यालय प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ऑनलाइन परीक्षाओं का आयोजन करने जा रहा है। इसलिए सभी छात्रावासों को खाली करवा लिया गया है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय का वार्षिक उत्सव कलमायका भी आनलाइन मोड में ही आयोजित करने का फैसला लिया है।




## विश्वविद्यालय में होगा कोविड टीकाकरण

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने इस दौरान कोरोना वायरस से रोकथाम के लिए साफ-सफाई एवं सेनेटाइजेशन व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने के लिए कहा। उन्होंने विश्वविद्यालय में कोरोना की जांच के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट और कोविड-19 टीकाकरण व्यवस्था के लिए भी निर्देश दिये। इस संबंध में विश्वविद्यालय की ओर से जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को विश्वविद्यालय में आरटी-पीसीआर टेस्ट और कोविड-19 टीकाकरण व्यवस्था के लिए पत्र लिखा गया है। विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा ने बताया कि एक अप्रैल को जिला अस्पताल के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सरकार के दिशा-निर्देशों की अनुपालना करते हुए विश्वविद्यालय के पात्र कर्मचारियों का कोरोना टीकाकरण किया जाएगा।

## वाईएमसीए में परीक्षा फॉर्म भरने को आज से खुलेगा पोर्टल

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की मई एवं जुलाई 2021 में होने वाली अंतिम-सेमेस्टर की नियमित और री-अपीयर परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने का कार्यक्रम जारी किया है। साथ ही, थ्योरी एवं सेशनल अंक सुधार परीक्षाओं का कार्यक्रम भी जारी किया है।विश्वविद्यालय की ओर से जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार चौथे, छठे एवं आठवें सेमेस्टर की सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर के लिए परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि आठ अप्रैल है। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल एक अप्रैल को खोला जाएगा। इसी तरह दूसरे सेमेस्टर की सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर के लिए परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि आठ मई रहेगी, इसके लिए पोर्टल एक मई से खोला जाएगा। इसके बाद, चौथे, छठे एवं आठवें सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए फार्म 28 अप्रैल तक तथा दूसरे सेमेस्टर के लिए 28 मई तक विलम्ब शुल्क के साथ स्वीकार किए जाएंगे। संबद्ध कालेजों के छात्रों को अपने संस्थानों के माध्यम से पोर्टल पर अपने परीक्षा फॉर्म भरने होंगे।

**NEWS CLIPPING: 01.04.2021**

## THE PIONEER

# प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की परीक्षाएं होगी अब आनलाइन

**पायनियर समाचार सेवा ।** फरीदाबाद

**कोरोना** संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की 8 अप्रैल से आयोजित होने वाली अंतिम सेमेस्टर परीक्षा ऑनलाइन कराने का निर्णय लिया है। इससे पहले, प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं ऑफलाइन मोड में आयोजित की जानी थीं। यह निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया, जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण से रोकथाम के लिए उठाए गए विभिन्न एहतियाती कदमों की समीक्षा की। बैठक में कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, सभी विभागाध्यक्ष और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक में बताया कि कोरोना के प्रसार की रोकथाम के दृष्टिगत विश्वविद्यालय द्वारा आनलाइन कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को छोड़कर सभी पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं आनलाइन आयोजित की जा चुकी हैं। चूंकि अब विश्वविद्यालय प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आनलाइन परीक्षाओं का आयोजन करने जा रहा



है, इसलिए सभी छात्रावासों को खाली करवा लिया गया है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय का वार्षिक उत्सव कलमायका भी आनलाइन मोड में ही आयोजित किया जाएगा।

विश्वविद्यालय द्वारा उठाए जा रहे एहतियाती उपायों की समीक्षा करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कोरोना वायरस से रोकथाम के लिए साफ-सफाई एवं सेनिटाइजेशन व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने के लिए कहा। उन्होंने विश्वविद्यालय में कोरोना की जांच के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट और कोविड-19 टीकाकरण व्यवस्था के लिए भी निर्देश दिये। इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को विश्वविद्यालय में आरटी-पीसीआर टेस्ट और कोविड-19 टीकाकरण व्यवस्था के लिए आग्रह किया गया है। विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा ने बताया कि 1 अप्रैल को जिला अस्पताल के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

**NEWS CLIPPING: 01.04.2021**

## DAINIK SAVERA TIMES

# कोरोना की रोकथाम के लिए जेसी बोस विवि ने उठाए कारगर कदम

## ● प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की परीक्षाएं भी ऑनलाइन होगी, ऑनलाइन कक्षाएं भी जारी रहेंगी

फरीदाबाद, 31 मार्च (नवीन धमीजा): कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने विभिन्न पाठ्यक्रम में के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की 8 अप्रैल से आयोजित होने वाली अंतिम सेमेस्टर परीक्षा ऑनलाइन करवाने का निर्णय लिया है। इससे पहले प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं ऑफलाइन मोड में आयोजित की जानी थीं। यह निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया है। इसमें विश्वविद्यालय द्वारा कोरोनावायरस के संक्रमण से रोकथाम के लिए उठाए गए विभिन्न एहतियाती कदमों की समीक्षा की गई। बैठक में कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, सभी विभागाध्यक्ष और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में बताया गया कि कोरोनावायरस के प्रसार की रोकथाम के दृष्टिगत विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को छोड़कर सभी पाठ्यक्रम में की परीक्षाएं ऑनलाइन आयोजित की जा चुकी है। चूंकि अब विश्वविद्यालय प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आनलाइन परीक्षाओं का आयोजन करने जा रहा है, इसलिए सभी छात्रावासों को खाली करवा लिया गया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय का वार्षिक उत्सव कलमा को भी ऑनलाइन मोड में ही आयोजित किया जायेगा।


दैनिक सवेरा टाइम्स Thu, 01 April 2021 epaper.dainiksaveratime:

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 01.04.2021**

**DAINIK BHASKAR**

# प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की परीक्षाएं ऑनलाइन होगी, कक्षाएं भी ऑनलाइन जारी रहेंगी

फरीदाबाद| कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की 8 अप्रैल से होने वाली अंतिम सेमेस्टर परीक्षा ऑनलाइन कराने का निर्णय लिया है। इससे पहले प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं ऑफलाइन मोड में होनी थीं। यह निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। इसमें विश्वविद्यालय द्वारा कोरोना से रोकथाम के लिए उठाए गए विभिन्न एहतियाती कदमों की समीक्षा की गई।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 01.04.2021**

**THE PIONEER**

# परीक्षा फार्म भरने का कार्यक्रम जारी किया

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की मई एवं जुलाई में होने वाली अंतिम-सेमेस्टर की नियमित और रि-अपीयर परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने का कार्यक्रम जारी किया है। साथ ही, थ्योरी एवं सेशनल अंक सुधार परीक्षाओं का कार्यक्रम भी जारी किया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार चौथे, छठे एवं आठवें सेमेस्टर की सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर के लिए परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल, 2021 है, जिसके लिए आनलाइन पोर्टल एक अप्रैल को खोला जाएगा। दूसरे सेमेस्टर की सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर के लिए परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 8 मई होगी, जिसके लिए पोर्टल एक मई से खोला जाएगा। इसके बाद, चौथे, छठे एवं आठवें सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए फार्म 28 अप्रैल और दूसरे सेमेस्टर के लिए 28 मई तक विलम्ब शुल्क के साथ स्वीकार किये जाएंगे। संबद्ध कालेजों के विद्यार्थियों को अपने संस्थानों के माध्यम से पोर्टल पर अपने परीक्षा फॉर्म भरने होंगे।

**NEWS CLIPPING: 01.04.2021**

## NAVBHARAT TIMES

## 8 अप्रैल तक भरे जाएंगे स्नातक व स्नातकोत्तर के लिए परीक्षा फॉर्म

**वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) ने सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की मई एवं जुलाई 2021 में होने वाली अंतिम-सेमेस्टर की नियमित और रि-अपीयर परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने का कार्यक्रम जारी किया है। साथ ही थ्योरी एवं सेशन अंक सुधार परीक्षाओं का कार्यक्रम भी जारी किया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार चौथे, छठे एवं 8वें सेमेस्टर की सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल, 2021 है, जिसके लिए ऑनलाइन पोर्टल 1 अप्रैल को खोला जाएगा।

इसी तरह दूसरे सेमेस्टर की सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 8 मई 2021 होगी, जिसके लिए पोर्टल 1 मई 2021 से खोला जाएगा। इसके बाद, चौथे, छठे एवं 8वें सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए फॉर्म 28 अप्रैल तक तथा दूसरे सेमेस्टर के लिए 28 मई तक विलम्ब शुल्क के साथ स्वीकार किए जाएंगे। संबद्ध कॉलेजों के विद्यार्थियों को अपने संस्थानों के माध्यम से पोर्टल पर अपने परीक्षा फॉर्म भरने होंगे।

**NEWS CLIPPING: 01.04.2021**

## PUNJAB KESARI

# कोरोना से रोकथाम के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय ने उठाए कारगर कदम

- **प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की परीक्षाएं भी आनलाइन होंगी**
- **विश्वविद्यालय में कर्मचारियों के लिए कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन**

फरीदाबाद, 31 मार्च (पूजा शर्मा): कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की 8 अप्रैल से आयोजित होने वाली अंतिम सेमेस्टर परीक्षा ऑनलाइन करवाने का निर्णय लिया है। इससे पहले, प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं ऑफलाइन मोड में आयोजित की जानी थीं।

यह निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया है, जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा कोरोनावायरस के संक्रमण से रोकथाम के लिए उठाए गए विभिन्न एहतियाती कदमों की समीक्षा की गई। बैठक में कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, सभी विभागाध्यक्ष और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक में बताया गया कि कोरोनावायरस के प्रसार की रोकथाम के दृष्टिगत विश्वविद्यालय द्वारा आनलाइन कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को छोड़कर सभी पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं आनलाइन आयोजित की जा चुकी है। चूंकि अब विश्वविद्यालय प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आनलाइन परीक्षाओं का आयोजन करने जा रहा है, इसलिए सभी छात्रावासों को खाली करवा लिया गया है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय का वार्षिक उत्सव कलमायका भी आनलाइन मोड में ही आयोजित किया जाएगा।

विश्वविद्यालय द्वारा उठाए जा रहे एहतियाती उपायों की समीक्षा करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कोरोना वायरस से रोकथाम के लिए साफ-सफाई एवं सेनिटाइजेशन व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने के लिए कहा। उन्होंने विश्वविद्यालय में कोरोना की जांच के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट और कोविड-19 टीकाकरण व्यवस्था के लिए भी निर्देश दिये। इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को विश्वविद्यालय में आरटी-पीसीआर टेस्ट और कोविड-19 टीकाकरण व्यवस्था के लिए आग्रह किया गया है।

विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा ने बताया कि 1 अप्रैल, 2021 को जिला अस्पताल के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सरकार के दिशा-निर्देशों की अनुपालना करते हुए विश्वविद्यालय के पात्र कर्मचारियों का कोरोना टीकाकरण किया जायेगा।

### परीक्षा फार्म भरने का कार्यक्रम किया जारी

**जे.सी.** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्य मों की मई एवं जुलाई 2021 में होने वाली अंतिम-सेमेस्टर की नियमित और रि-अपीयर परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने का कार्य म जारी किया है। साथ ही, थ्योरी एवं सेशनल अंक सुधार परीक्षाओं का कार्यक्रम भी जारी किया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा कार्य म के अनुसार चौथे, छठे एवं आठवें सेमेस्टर की सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर के लिए परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल, 2021 है, जिसके लिए आनलाइन पोर्टल 1 अप्रैल को खोला जायेगा। इसी तरह दूसरे सेमेस्टर की सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर के लिए परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 8 मई 2021 होगी, जिसके लिए पोर्टल 1 मई 2021 से खोला जाएगा। इसके बाद, चौथे, छठे एवं आठवें सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए फार्म 28 अप्रैल तक तथा दूसरे सेमेस्टर के लिए 28 मई तक विलम्ब शुल्क के साथ स्वीकार किये जायेंगे। संबद्ध कालेजों के विद्यार्थियों को अपने संस्थानों के माध्यम से पोर्टल पर अपने परीक्षा फॉर्म भरने होंगे।